तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार, 3 अगस्त 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 शिव की रौद्र लीलाओं से गूंजा कथा पंडाल



12 गोस्वामी तुलसीदास जन्मोत्सव पर हुआ ...




## खबर संक्षेप



### शतरंज प्रतियोगता में 96 छात्रों ने लिया हिस्सा

**बेमेतरा।** विकासखण्ड स्तरीय शालेय शतरंज प्रतियोगता का आयोजन पीएम श्री सेजेस राठी बेमेतरा में आयोजित हुई। इसमें कठौतिया, खंडसरा, बाबा मोहतरा, बालसमुद, कुसमी, ज्ञानोदय, सिंघौरी, बाराडेरा, पीएम श्री सेजेस राठी स्कूलों से चयनित, मिनी, जूनियर, सीनियर, बालक, बालिका 96 प्रतिभागी भाग लिए। इस प्रतियोगता में चयनित प्रतिभागी जिला स्तर पर आयोजित होने वाले शतरंज प्रतियोगता में भाग ले सकेंगे। प्रतियोगता के आरंभ में प्राचार्य सुदेश चटर्जी ने कहा खिलाड़ी खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। जिला सहायक खेल प्रभारी विजय पांडेय ने खेल के नियमों से अवगत कराया। इस दौरान नागेश्वर तिवारी, अजय शर्मा, अंकित निर्मलकर, मुकेश चंद्रवंशी, तिलक राम साहू, नारायण यादव सहित खेल शिक्षक उपस्थित थे। इस प्रतियोगता के सह संयोजक विद्यालय के खेल शिक्षक अनूप सिंह थे।

### शिव मंदिर में विग्रह स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा कल



**बेमेतरा।** ग्राम सिंघौरी के शिव मंदिर में सावन मास के सोमवार 4 अगस्त को विध्नहर्ता श्री गणेशजी एवं श्री कार्तिकेय तथा दक्षिण मुखी श्री हनुमानजी का विग्रह स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा होगी। रविवार को पंचांग बेदी पूजा तथा 4 अगस्त सोमवार को दोपहर 12 बजे पूर्णाहुति एवं भंडारा महाप्रसाद वितरण होगा। शिवगौरी धाम सिंघौरी में श्रावण मास में रामायण पाठ भी किया जाता है। आचार्य वैदिक गर्ग सपाद लक्षेश्वर धाम सल्धा, आचार्य प्रमोद पांडेय, दिनेश पांडेय देवरबीजी द्वारा यह कार्यक्रम किया जायेगा। उक्त जानकारी मंदिर समिति के अध्यक्ष सुशील पुरी गोस्वामी ने दी है।

### गंदगी फैलाने और सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्रवाई

**भिलाई नगर।** जोन क्रमांक 1 वार्ड क्रमांक 4 नेहरू नगर एवं वार्ड 17 सब्जी मंडी में कार्रवाई की गई है। प्रतिष्ठानो में सिंगल यूज प्लास्टिक, गुमास्ता लाइसेंस एवं रोड में गंदा पानी बहाए जाने पर चालानी कार्रवाई किया गया है । चालानी कार्रवाई में मुख्य रूप से न्यू महामाया सब्जी भंडार का 1000 रुपए, कारे लाल सब्जी भंडार 200 रूपये, गुड्डू सोन सब्जी भंडार 200 रुपये, अर्जुन सिंह भाटिया 10000 रूपये, अर्जुन सिंह भाटिया 2000 रूपये, संचालक कुक हाउस कंपनी 12000 रूपये इस तरह कुल राशि 25400 रुपये की चालानी कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के दौरान कमलेश द्विवेदी, प्रशांत सिंह, संतोष हरमुख एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### शराब के लिए रुपए मांगा, नहीं देने पर मारपीट, गिरफ्तार

**भिलाई।** शराब पीने के लि पैसा नहीं देने पर मारपीट करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि कैम्प 1 आजाद मोहल्ला निवासी रेजाला बानो के पति शमीम अंसारी को मोहल्ले के गोल्डी उर्फ परमजीत सिंह ने शराब पीने के लिये पैसा मांगा। नहीं देने पर उसे जान से मारने की धमकी देकर पत्थर से मारने पर पति को मुंह और नाक मे चोट आई। आरोपी की पता तलाश में पुलिस जुटी रही सूचना पर पुलिस ने 5 माह से फरार आरोपी परमजीत सिंह कोसा को पकड़ा गया। पूछताछ में घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

# ग्रामीण अंचलों में इस बार बाल रूप के बन रहे गणपति बप्पा, मांग बढ़ी

## राधा-कृष्ण अवतार में भी दिखेगा बप्पा का श्रृंगार, 1 से 10 फीट तक की मूर्तियां तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

गणेश चतुर्थी आने में अभी समय है, लेकिन नवागढ़ में बप्पा के आगमन की तैयारी पूरे जोरों पर है। शहर और ग्रामीण अंचलों में मूर्तिकारों की कार्यशालाएं दिन-रात गुलजार हैं। इस बार गणेश प्रतिमाओं में सबसे ज्यादा डिमांड बाल गणेश की है, वहीं कुछ मूर्तियों को राधा-कृष्ण के अवतार में भी तैयार किया जा रहा है। गणेश चतुर्थी 27 अगस्त को मनाई जाएगी, ऐसे में स्थानीय मूर्तिकार तिलक कुम्भकार और उनकी टीम ने अभी से 60 से अधिक मूर्तियों पर काम शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष उन्हें 1 फीट से लेकर 10 फीट तक की प्रतिमाओं के ऑर्डर मिले हैं, जिनकी कीमत 500 रुपये से लेकर 30 हजार रुपये तक है।

### मूर्तिकार बोले- लोगों की श्रद्धा ही हमारी सबसे बड़ी प्रेरणा

हर साल कुछ नया सीखते हैं। इस बार बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने बाल गणेश को पसंद किया है। कुछ ग्राहक राधा-कृष्ण की तरह सजावट चाहते हैं, तो कुछ पर्यावरण के प्रति सचेत हैं। हम परंपरा, कला और पर्यावरण तीनों के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं।



### व्यापारियों और आयोजकों में उत्साह, पंडालों की भी बुकिंग शुरू

शहर में सार्वजनिक पंडालों के लिए भी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। आयोजक 7 से 10 फीट तक की प्रतिमाओं की मांग कर रहे हैं। पूजा समितियों ने पहले से ही मूर्तिकारों के पास बुकिंग करा दी है। कुछ जगहों पर थीम आधारित पंडालों की योजना भी बन रही है, जैसे राममंदिर थीम, स्वच्छ भारत या हरियाली संकल्प।

**राधा-कृष्ण अवतार में दिखेंगे गणपति-** इस बार बाजार में एक अनूठा प्रयोग देखने को मिल रहा है। मूर्तिकारों द्वारा बप्पा को बांसुरी बजाते हुए और राधा के संग रास करते हुए दिखाया जा रहा है। तिलक कुम्भकार बताते हैं, कुछ श्रद्धालुओं ने खुद आकर कहा कि वे बप्पा को प्रेम और संगीत के प्रतीक के रूप में देखना चाहते हैं। हमने वैसा ही डिजाइन तैयार किया। पिछले वर्षों की तुलना में इस बार लोग इको-फ्रेंडली मूर्तियों को प्राथमिकता दे रहे हैं। मूर्तिकारों का कहना है कि प्रशासन द्वारा पीओपी (प्लास्टर ऑफ पेरिस) पर रोक और आमजन में पर्यावरण के प्रति बढ़ती जागरूकता का असर अब स्पष्ट दिखने लगा है। नवागढ़ में अधिक ऑर्डर मिट्टी की मूर्तियों के आए हैं।

## निरीक्षण : बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए

# सीएमएचओ ने किया स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सीएमएचओ डॉ अमृत लाल रोहलेडर ने शनिवार नवागढ़ विकास खंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंदनू , संबलपुर, नांदघाट स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। सीएमएचओ ने डाक्टरों और कर्मचारियों की उपस्थिति की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने प्रतिदिन ओपीडी की पंजीयन, लेब, दवाई वितरण और संस्थागत प्रसव की जानकारी ली। उन्होंने क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। किसी भी स्थिति में रात में मरीज आते हैं तो उनको तत्काल स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए व आवश्यक सुधार के निर्देश भी दिए,निरीक्षण दौरान साथ में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी एल राज और जिला कार्यालय से जिला स्टोर इंचार्ज फार्मासिस्ट मोहित कुमार, एस एस ए राजकमल ताम्रकार भी उपस्थित थे। सीएमएचओ ने केंद्र की नियमित साफ सफाई, शौचालय की सफाई नल, बेसिन को ठीक करने के निर्देश दिए सीएमएचओ ने कहा कि बरसात का मौसम है सर्प दंश की शिकायत आने पर तत्काल स्वास्थ्य केन्द्रों में ईलाज सुनिश्चित करने की सलाह भी दी है। साथ में ग्राम वासियों को बरसात में पलंग पर ही सोने और मच्छरदानी का उपयोग करने के लिए लोगों को प्रेरित करने कहा है। इस औचक निरीक्षण दौरान स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर ,आर एम ए, नर्सिंग स्टॉफ के साथ समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।




### खाद की किल्लत से जूझ रहे अंचल के किसान

**बेमेतरा।** आषाढ़ के बाद सावन को खत्म होने में 7 दिन शेष हैं। यही दो माह किसानों के लिए बेहद खास होते है। इस अवधि में किसान खरीफ फसल की बुआई, रोपाई सहित अन्य कार्य करते हैं जिसके लिए सबसे अधिक खाद की जरूरत होती है। अंचल के किसानों को खाद की किल्ल्त से जूझना पड़ रहा है। मांग और आपूर्ति के अंतर को देखते हुए संकट के सुलझने के आसार दिखाई नहीं दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि खरीफ फसल की बोनी के शुरूवाती दिनों से अंचल की सोसायटियों में खाद संकट बना हुआ है जो अब तक पूर्ववत बना हुआ है।

जनप्रतिनिधियों ने साधा मौन

गंभीर खाद संकट होने के बाद किसान हितैषी होने का दंभ भरने वाले नेताओं ने चुप्पी साध रखा है। कांग्रेस ने कुछ दिनों पहले ज्ञापन सौंपकर खानापूर्ति कर दिया वहीं भाजपा नेता राज्य में पार्टी की सरकार होने के कारण मौन हैं। नेताओं की चुप्पी किसानों को काफी चुभ रही है। मांग के अनुसार सोसायटियों में खाद की आपूर्ति नहीं होने से किसान भटक रहे हैं।

# प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आज 3 अगस्त एक पाली में आयोजित किये जाने वाले प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा के आयोजन के लिए बेमेतरा शहर में 6 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा एक ही पाली में सभी परीक्षा केंद्रों में प्रातः 11 बजे से 1.15 तक होंगी। बताया कि सभी परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा के लिए व्यापक तैयारी कर ली गई है। सभी परीक्षा केन्द्रों में जैमर भी लगा दिया गया है। छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए कड़े कदम उठाए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर अब हैंडहेल्ड मेटल डिटेक्टर और मैनुअल तलाशी के जरिए सभी परीक्षार्थियों की बारीकी से जांच की जाएगी। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में कम से कम 2 घंटे पहले पहुंचना अनिवार्य किया गया है। परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा। परीक्षार्थी वर्जित वस्तुएं कान के आभूषण, मोबाइल, संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि वस्तुएं अपने साथ परीक्षा कक्ष में नहीं ले जा सकेंगे। इस परीक्षा के लिए परीक्षार्थी अपना मूल प्रवेश पत्र और पहचान के लिए कोई एक मूल आईडी लेकर आएंगे। बिना मूल आईडी/पहचान पत्र के परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थियों के लिए मोबाइल, कैलकुलेटर एवं अन्य डिजिटल डिवाइस पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। बेमेतरा जिले में बनाये गए परीक्षा केन्द्रों में शासकीय पं. जवाहर लाल नेहरू कला एवं विज्ञान महाविद्यालय बेमेतरा में परीक्षार्थियों की संख्या सबसे अधिक 480 है। जबकि नगर के अन्य परीक्षा केंद्र लक्ष्मण प्रसाद वैद्य कन्या महाविद्यालय बेमेतरा में 360, बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा में 360, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में 360, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल बेमेतरा में 360, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम शिवलाल राठी बेमेतरा में 127 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।




■ शहर में बनाये गये 6 परीक्षा केन्द्र

# स्कूल में राखी प्रतियोगिता आयोजित कर बच्चों को दी हस्तकला की शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल सिंघौरी के छात्राओं द्वारा राखी एंव मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता द्वारा निर्मित राखी को रक्षाबंधन के इस त्यौहार पर इस्तेमाल करके ऐतिहासिक एवं भव्य बनाने हेतु स्वनिर्मित राखी बनाया गया। कक्षा आठवीं की छात्रा नविता वर्मा ने बताया कि मैं पहली बार अपने हाथ से बनाई हुई राखी अपने भाइयों की कलाई पर सजाऊंगी।जिससे अपने आपको गौरान्वित महसूस कर रही हूं। इनके अलावा निशा, दामिनी, ज्योति, तनु,दिव्या,भावना,हिना,कृति,हेमलता,ललिता,पायल,पूजा,निधि, और दिव्या वर्मा ने भी अपने हाथ से भाईयों के लिए राखी बनाई। प्रधान पाठक मीनाक्षी शर्मा ने बताया कि स्कूल स्तर पर इस तरह के छोटे छोटे गतिविधियों का आयोजन कराकर बच्चो को सहसंज्ञानात्मक क्षेत्र की ओर भी रुचि बढ़ा सकते हैं। गतिविधियों के माध्यम से बच्चें हस्तकला, शिल्पकला एंव मूर्ति कला के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। शिक्षिका सरस्वती साहू ने बताया कि बच्चें स्वनिर्मित राखी बनाकर अपने कलाओं का विकास तो करती है ▶▶|शेष पेज 10 पर

# संगठन सृजन अभियान के लिए नवागढ़ कांग्रेस सक्रिय०

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवागढ़ द्वारा संगठन सृजन अभियान के तहत एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पीसीसी द्वारा नियुक्त ब्लॉक प्रभारी नवीन ताम्रकार विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य ब्लॉक स्तर पर संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए मंडल एवं सेक्टर अध्यक्षों के नामों पर सुझाव लेना रहा।

बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रभारी नवीन ताम्रकार ने कहा कि संगठन की असली ताकत बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं में निहित होती है। संगठन सृजन अभियान का उद्देश्य जमीनी स्तर तक मजबूत और सक्रिय टीम तैयार करना है, जो कांग्रेस की नीतियों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा सके। सभी कार्यकर्ताओं को दायित्वबोध के साथ कार्य करना होगा, तभी हम आने वाले चुनावों में मजबूती से उभर सकेंगे। बैठक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी दी और अपने सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामेश्वर साहू ने की। इस दौराम प्रभारी महामंत्री खेमन टंडन, टीआर जनार्दन, एवं पूर्व निगम मंडल सदस्य विजय बघेल, शक्तिधर दिवान, रोशनधर दीवान, यवन डिंडोरे, भंजन बंजारे, हेमंत साहू, रामनिहोरा सेन, लाखन सिंह कोहली, दिनेश तिवारी, तोपसिंग साहू, रतन दिवाकर, सुनीता दुबे, अश्वनी अनंत, संतोष बंजारे, धीरेन्द्र साहू, संतोष देवांगन, सतीश चतुर्वेदी, मुरारी साहू, मोहित गर्ग, आनंद कुर्रे, गोविंद पाल, कोमल पूरी गोस्वामी, मालिकराम नवरंग, राजतिलक जोशी, लक्ष्मीकांत ठाकुर, महेश कुर्रे, दाऊ राम साहू, संजय भास्कर, भोजनारायण कुर्रे, सुखनंदन वैष्णव, चंद्रप्रकाश बांधे, रूपेंद्र साहू, अनूप साहू, संतोष सेन, कोलू देवांगन, वीरेंद्र डाहिरे, टीकमचंद डिंडोरे, उबारनदास सन्डे, पंचराम बंजारे, पुष्पराज साहू, देवा दिवाकर, डेविड घृतलहरे, रामाधार पाल, प्रशांत कोशले, ईश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल हुए।



## पोस्ट ऑफिस के जरिये देश-विदेश में राखी भेज रही बहनें

# शहर में जगह-जगह सजीं राखी की दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भाई-बहन के स्नेह का पर्व रक्षाबंधन को लेकर बाजार सहित विभिन्न स्थानों पर राखियों की दुकानें सजने लगी है, जहां से लोगों ने खरीदी भी शुरू कर दी है। रेशम की डोरी सहित कार्टून व कई प्रकार की एक से बढ़कर एक राखियां लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने लगी है।

अगस्त माह लगते ही लगातार पर्वों की श्रृंखला है। खासकर घर-घर में हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने वाले भाई-बहन के स्नेह का पर्व रक्षाबंधन 9 अगस्त को है, जिसे लेकर लोगों ने तैयारियां भी शुरू कर दी है। बाजार में सप्ताहभर पहले से ही राखियों की दुकानें सजने लगी है। शहर के बाजार इलाके से लेकर मोहल्लों व चौक-चौराहों में राखियों की अस्थायी दुकानें भी खुल चुकी है।

**राखियों में महंगाई का असर-** राखी व्यवसायियों ने बताया कि महंगाई का असर राखियों पर भी पड़ा है। बाजार में 10 रुपए से लेकर साढ़े चार सौ रुपए तक की एक से बढ़कर एक राखियां उपलब्ध है। इसमें रेशम की डोरी, जरी, लुम्बा, एडी सहित कई प्रकार की राखियां है। खासकर बच्चों के लिए कार्टून के पात्र वाली कई किस्म की राखियां है, जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने लगी है।



शहर के बाजार के अलावा ग्रामीण इलाकों के साप्ताहिक बाजार से लेकर नियमित बाजार में भी राखियों की दुकानें सजकर तैयार है। व्यापारियों ने बताया कि वर्तमान में रखियों की मांग लोगों के बीच है, लेकिन आगामी दिनों में मांग बढ़ने की संभावना है।

### बाजार में बढ़ेगी रौनक

इधर रक्षाबंधन पर्व को लेकर बाजार में भी चहल-पहल बढ़ने लगी है। राखियों की दुकान के अलावा कपड़े, ज्वेलरी, सौंदर्य प्रसाधन सहित अन्य दुकानों में खरीदी के लिए लोगों की अच्छी चहल-पहल होने लगी है। आगामी दिनों में बाजार में रौनक और भी बढ़ने की संभावना है। बताया गया कि दूर-दराज में रहने वाले भाइयों के लिए अभी से ही राखियां खरीदकर प्रेषित की जाने लगी है। पर्व को लेकर घर-घर में व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई है।

# साल्हेपुर स्कूल में शाला प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला साल्हेपुर विकासखंड बेरला में शाला विकास प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य नए शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष का चयन एवं गठन करना था। सर्वसम्मति से अध्यक्ष के पद पर चोवा राम का चयन किया गया। बैठक में शाला भवन की जर्जर अवस्था की जानकारी दी गई और नए शाला भवन के लिए आवश्यक कार्यवाही करने पर चर्चा की गई। इसके अलावा, बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से शाला में गेट का निर्माण करवाने का निर्णय लिया गया। प्रधान पाठक अंबालिका पटेल ने शाला विकास प्रबंधन समिति के सदस्यों को अवगत कराया कि एक कक्षा में पहली से पांचवी कक्षा के बच्चों को पढ़ाने में कई समस्याएं आ रही हैं। शाला विकास प्रबंधन समिति के मुख्य उद्देश्यों को बताते हुए प्रधान पाठक अंबालिका पटेल ने कहा कि ▶▶|शेष पेज 10 पर

# यूनिवर्सिटी ने कम अंक दिए, विद्यार्थियों में आक्रोश

## रिजल्ट से असंतुष्ट एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों ने फिर से जांच की मांग रखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हेमचंद यूनिवर्सिटी के संबंद्ध कॉलेज के विद्यार्थियों ने कम अंक देने को लेकर नाराजगी दिखाई। शुक्रवार को अथर्व महाविद्यालय धनोरा जिला दुर्ग के एमएसडब्ल्यू कोर्स के अंतिम वर्ष के छात्र और छात्राओं द्वारा चौथे सेमेस्टर और द्वितीय वर्ष के छात्र और छात्राओं द्वारा सेकंड सेमेस्टर का पेपर का रिचेकिंग के लिए हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी दुर्ग के कुलसचिव के नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन उपकुलसचिव डॉ. राजमणि पटेल को दिया गया।

### अच्छा पेपर बना लेकिन नंबर कम मिले

विद्यार्थियों ने आरोप लगाया कि हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी दुर्ग ने इस बार छात्र और छात्राओं के भविष्य के साथ गलत किया है। एमएसडब्लयू अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों का कहना है कि उनका रिजल्ट पहले, दूसरे और तीसरे सेमेस्टर में अच्छे रहे हैं तो चौथे सेमेस्टर में कैसे नंबर कम आ सकते हैं। इस बार चौथे सेमेस्टर का पेपर अच्छा बनने के बाद भी उनको कम अंक दिया गया। जिससे उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया।वहीं द्वितीय वर्ष की छात्र और छात्राओं का कहना की पहले सेमेस्टर का रिजल्ट अच्छा आया और इस बार सेकंड सेमेस्टर का पेपर अच्छा जाने के बाद भी कम अंक देकर उनका रिजल्ट खराब कर दिया गया।



### पेपर की फिर से चेकिंग हो, नहीं तो कोर्ट जाएंगे

दोनों वर्ष के विद्यार्थियों का कहना है कि उनका सभी पेपर रिचेकिंग किया जाए। नहीं तो वो कोर्ट जा सकते हैं। हेमचंद यादव युनिवर्सिटी दुर्ग के उपकुलसचिव डॉ राजमणि पटेल का कहना है एमएसडब्लयू के छात्र और छात्राओं के पेपर रिचेकिंग की बात हम जांच कमेटी में रखेंगे। कमेटी के निर्णय के बाद ही रिचेकिंग होगा। यदि रिचेकिंग का निर्णय नहीं लिया गया तो केवल रि टोटल बस होगा जिन विद्यार्थियों ने विधिवत आवेदन किया है।

# धर्मांतरण मामले में बजरंग दल ने फूंका राहुल गांधी का पुतला, घड़ी चौक में प्रदर्शन



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ बजरंग दल ने धर्मांतरण और मानव तस्करी के मामले में दुर्ग जेल में बंद ननों के समर्थन करने वालों के विरोध में शुक्रवार को घड़ी चौक सुपेला में प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी का पुतला फूंका गया। कार्यकर्ताओं ने घड़ी चौक में प्रदर्शन किया। जमकर नारेबाजी की। नारे लगाते हुए पुतले के ऊपर अपना आक्रोश जाहिर किया। इस दौरान बड़ी संख्या में बजरंगी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### बीएसपी के 14 सेवानिवृत्त अधिकारियों को दी विदाई



**भिलाई।** बीएसपी के विभिन्न विभागों में कार्यरत 14 अधिकारी सेवानिवृत्त अधिकारियों के सम्मान में इस्पात भवन स्थित डीआईसी सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। बीएसपी के निदेशक प्रभारी चितरंजन महापात्र के साथ कार्यपालक निदेशक एस. मुखोपाध्याय, एके चक्रवर्ती, प्रवीण निगम, पवन कुमार, बिपिन कुमार गिरी, राकेश कुमार, कार्यपालक निदेशक डॉ. रविन्द्रनाथ एम. तथा कार्यकारी कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार उपस्थित थे। इन सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों को सेवा प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। जुलाई माह में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों में मुख्य महाप्रबंधक राजीव कुमार श्रीवास्तव, जीएम सुधीर सोर्टे, एस.आर. जत्रेले, सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकार डॉ. नोहर सिंह ठाकुर, जीएम एसएन सिंह यादव, डीजीएम सुनील कुमार, एजीएम दीपंकर कुमार मजूमदार, सहायक महाप्रबंधक मो. आरिफ खान, सहायक महाप्रबंधक मृदुल कुमार श्रीवास्तव, आरके रणदीवे, आरके.शुक्ला, जीएमव पद्मिनी कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक बिरेंद्र कुमार सिंह तथा उप प्रबंधक एके फुले शामिल हैं। श्री महापात्र ने सेवानिवृत्त अधिकारियों को उनके समर्पित योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## बीएसपी पर भी लटक रही निजीकरण की तलवार, यूनियनों व सेफी ने किया विरोध

# औद्योगिक नगरी की धीरे-धीरे फीकी हो रही चमक, 3 सार्वजनिक उपक्रम हो चुके वाइंडअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

*औद्योगिक तीर्थ के नाम से प्रसिद्ध औद्योगिक नगरी की चमक अब धीरे धीरे फीकी पड़ती जा रही है।, तकनीकी विकास (आटोमेशन) और केंद्र सरकार के निजीकरण व विनिवेशीकरण की नीति के चलते सार्वजनिक उपक्रमों, केंद्रीय उद्योगों के साथ मजदूरों पर भी भारी पड़ रहा है। पिछले डेढ़ दशक के दौरान आधा दर्जन केंद्रीय उपक्रमों को वाइंडअप किया जा चुका है। कुछ का निजीकरण हो चुका है और बीएसपी पर भी निजीकरण का खतरा मंडरा रहा है। यूनियनों और अधिकारी संगठनों ने निजीकरण का विरोध करते हुए केंद्र सरकार से नीति मे बदलाव की मांग की है।*

उल्लेखनीय है कि 1959 में भिलाई इस्पात संयंत्र में उत्पादन शुरु होने के साथ यहां धीरे धीरे निजी हैवी इंड्स्ट्री व लघु उद्योगों की स्थापना के साथ आधा दर्जन सार्वजनिक व केंद्र के अंडरटेकिंग उद्योगों की भी स्थापना की गई। यूनियनों के मुताबिक तीन बार भिलाई आए आधुनिक भारत के निर्माता पूर्व पीएम पं. जवाहरलाल नेहरु ने यहां के संभावित औद्योगिक विकास को देखकर शहर को औद्योगिक तीर्थ का नाम दिया था।

बीएसपी के बाद पिछले 50 साल के दौरान यहां एशिया की सबसे बड़ी कंस्ट्रक्शन कंपनी और सार्वजनिक उपक्रम एचएससीएल ( हिंदुस्तान स्टील कंस्ट्रक्शन लिमिटेड) सेक्टर 1 चौक, फिर भारत रिफेक्ट्रीज प्लांट (बीआरपी) मड़ौदा, फैरो स्क्रेप निगम लि.(एफएसएनएल) सेक्टर 1 चौक, भारत टेलीकाम फेक्ट्री औद्योगिक क्षेत्र,बीएसएनएल विभाग के साथ दो दर्जन सरकारी बैंकों की 50 से अधिक शाखाएं भी यहां स्थापित की गईं। लेकिन इनमें धीरे धीरे अधिकतर की चमक फीकी हो चुकी है। दस साल पूर्व 10 हजार वर्कर्स वाला एचएससीएल सिमट चुका है और वर्तमान में मात्र 1 डीजीएम सहित 5 स्टाफ ही कार्यरत है। टेलीकाम कारखाना को भी 5 साल पूर्व बंद किया जा चुका है। इसी तरह केंद्र सरकार 4 माह पूर्व एफएसएनएल का भी निजीकरण कर एक जापानी कंपनी को सौंप चुकी है। तीस साल पूर्व बीआरपी भी वाइंडअप होते होते बचा। यूनियनों के मुताबिक केंद्र सरकार ने बीएसपी के ब्लास्ट फर्नेसों के लिए रिफेक्ट्रीज ब्रिक्स सप्लाई करने वाले इस उपक्रम को घाटे के कारण बीआईएफआर में डालकर बंद करने की घोषणा की गई थी। लेकिन यूनियनों के जबरदस्त विरोध के चलते आखिरकार इसे सेल बीआरएल के नाम से सेल के अधीन कर बचाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

### बीएसपी का किस्तों में हो रहा निजीकरण

अब पिछले 5 साल से औद्योगिक नगरी की बुनियाद भिलाई इस्पात संयंत्र पर भी निजीकरण का खतरा मंडरा रहा है। आउटसोर्सिंग तेज कर धीरे धीरे टुकड़े टुकड़े में संयंत्र का निजीकरण किया जा रहा है। कर्मियों के रिटायर होने और भर्ती बंद होने से वर्तमान में मात्र 12 हजार कर्मचारी व ढाई हजार अधिकारी ही कार्यरत है। तीन दशक पूर्व इनकी तादाद 40 हजार थी। साथ ही यूनियनें इसका विरोध भी कर रही हैं। दर्जन अनुभागों का ठेकाकरण किया जा चुका है। एटक के महासचिव वीके सोनी बताते हैं कि यूनियनों द्वारा लगातार विरोध किया जा रहा है। पिछले पांच साल में 4 बार भारत बंद किया जा चुका है। सेफी द्वारा एफएसएनएल का पुरजोर विरोध किया गया था और आरआईएनएल जैसे उपक्रमों का निजीकरण करने के बजाए सेल में विलय की मांग की जा रही है।

### सरकार की विनिवेशीकरण नीति और आटोमेशन का इंपेक्ट





### बीएसएनएल और बैंकों की बदली तस्वीर

ट्विनसिटी के सार्वजनिक उपक्रम यानी सरकारी बैंकों और बीएसएनएल की भी तस्वीर बदल रही है। पिछले दस साल के दौरान बीएसएनएल में भर्ती बंद होने, वीआर स्कीम और निजी टेलीकाम कंपनी के वर्चस्व के चलते हजारों कर्मचारी अधिकारी प्रभावित हुए हैं। इस विभाग में बहुत मेनपावर बहुत कम बच गया है। यही स्थिति एलआईसी व जीआईसी की है।

### आटोमेशन से बढ़ी बेरोजागारी

औद्योगिक नगरी भिलाई में सरकारी उद्योगों के सिमटने की वजह सरकार की बदली आर्थिक नीति के साथ तकनीकी विकास यानी आटोमेशन को बताया जा रहा है। सीटू यूनियन के महासचिव जगन्नाथ त्रिवेदी बताते हैं कि सरकार सार्वजनिक क्षेत्रों का निजीकरण कर उद्योगपतियों को सौंप रही है। चार लेबर कोड से भी दबाव बनाया जा रहा है। वहीं उद्योगों में आटोमेशन बढ़ने से मेन पावर हो रहा है जिससे भी उद्योगों पर असर पड़ रहा है। 28 अक्टूबर फिर पिछली 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल निजीकरण व महंगाई के विरोध में ही की गई थी। एक्टू के महासचिव बृजेंद्र तिवारी बताते है कि पीएसयू के निजीकरण से दोतरफा नुकसान हो रहा है। एकतरफ देश की परिसंपत्ति सस्ते में बेची जा रही है। वहीं कर्मियों की छटनी हो रही है।

# कांवर यात्रा के फ्लैक्स को फेंका कचरे में, दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- भिलाई-चरोदा निगम में हुआ
- नेशनल हाइवे के पोल पर लगा था
- आयुक्त के आश्वासन के बाद माहौल शांत

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में शिवनाथ कांवर यात्रा का फ्लैक्स नेशनल हाइवे के पोलों पर लगाया गया था। जिसे निगम के कर्मियों ने शुक्रवार को उतारकर निगम कार्यालय में लेकर आ गए। जहां फ्लैक्स में भगवान शिव की फोटो भी जिसे कचरे में फेंका गया था। जिसे देख भिलाई तीन मंडल के भाजपाई विरोध कर निगम आयुक्त के कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। जिसकी जानकारी आयुक्त को होने पर तुरंत शो कॉज नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर कार्रवाई का आश्वासन दिया। उसके बाद ही माहौल शांत हो पाया है।

भिलाई तीन भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि निगम के अधिकारियों, कर्मियों के द्वारा राजनीतिक दबाव, द्वेषपूर्ण कार्य कर शिवनाथ कांवर यात्रा के फ्लेक्स को निकाला गया। कार्यालय के कचरा स्थल पर फेंका गया। इससे हिंदु समाज प्रशासन की करतूत से क्षुब्ध है। कार्यकर्ताओं मे मांग किया है कि म्मिदार अधिकारी, कर्मियों पर कार्रवाई करे। इस दौरान समिति के संयोजक विपिन चंद्राकर, वरुण यादव, तेजस पाल समेत भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि यह सोची-समझी साजिश है। इसे लेकर आगामी दिनों में निगम दफ्तर का घेराव किया जाएगा। निगम के जिम्मेदार अधिकारियों को कार्रवाई की पूरी जानकारी देनी होगी।

# प्लांट में शौचालय और पानी का इंतजाम नहीं भड़के कर्मचारी, अर्धनग्न होकर किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- बोरई स्थित स्ट्रक मेटल बिल्डिंग प्लांट का मामला

स्ट्रक मेटल बिल्डिंग प्लांट कंपनी बोरई में शौचालय और पानी की समस्या को लेकर कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। कर्मचारी अर्धनग्न होकर धरने पर बैठ गए। उन्होंने प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि वेतन कुसंगति एवं अपर्याप्त स्वास्थ्य एवं सुरक्षा एवं कार्य स्थल में पानी एवं शौचालय की उचित व्यवस्था नहीं है। जिला प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद त्रिपक्षीय वार्ता हुई, उसमें यह जानकारी मिली कि साल भर से कंपनी अवैध रूप से चल रही है। इनके पास कंपनी चलाने का परमिशन भी नहीं है। त्रिपक्षीय वार्ता में सभी बिंदुओं पर बात हुई। सभी को कुसंगतियों एवं सुरक्षा मानकों का एवं मजदूरों को कार्य स्थल पर सभी सभी बिंदुओं पर चर्चा करने के उपरांत कंपनी प्रबंधन द्वारा मजदूरों से समय मांगा गया। इसके बाद कंपनी को 15 सितंबर तक का समय दिया गया। प्रदर्शन के दौरान जिला पंचायत के पूर्व सदस्य जयंत देशमुख, धर्मेश देशमुख, आकाश सेन, राजू यादव, उमेश्वर यादव, नरेंद्र धनकर, दुष्यंत निषाद, बलराम कौशिक, मिनी यादव मौजूद थे।

# छपरा कॉलोनी में कचरे का अंबार, आप ने की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- निगम आयुक्त को आप के कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने वार्ड 29 वृंदा नगर के छपरा कॉलोनी में शिव मंदिर के पास लगातार कचरे का ढेर लगे रहने को लेकर शिकायत की। भिलाई आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। बलविंदर सिंह ने बताया छपरा कॉलोनी में एक शिव मंदिर है। शिव मंदिर के बाजू में नगर निगम द्वारा कचरा जमा किया जा रहा है। कॉलोनी में घर के सामने नाली की सफाई 1 साल पहले हुई थी। अब नालियों की स्थिति बहुत बुरी है। नालियों में घास-फूस उग आए हैं। कुत्ते उस पर मल त्याग करते हैं, जिससे दुर्गंध फैल गई है। उस पर मक्खियां बैठ कर बीमारी फैला रही हैं। आप नेता जसप्रीत सिंह,और जिला सचिव ज्ञान तिवारी, चुम्मा लाल साहू ने आरोप लगाया कि ऐसी लचर सफाई व्यवस्था में इंदौर की तर्ज पर सफाई की परिकल्पना सिर्फ धोखा है। ज्ञापन सौंपने वालों में देवेंद्र, अविनाश, बलविंदर,धर्मेंद्र चौधरी, जसप्रीत सिंह, ज्ञान तिवारी, चुम्म लाल साहू मौजूद थे।

# ट्रेनों का परिचालन सुरक्षित करने हुआ सेमिनार, 82 कर्मियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



ट्रेनों के परिचालन को लेकर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने सुरक्षित करने के लिए संरक्षा विभाग द्वारा सेमीनार का आयोजन किया।

- ऑटोमेटिक सिग्नलिंग फेलुअर के बारे में दी जानकारी

जिसमें सुरक्षित परिचालन हेतु परिचालन, वद्युित परिचालन , यांत्रिक, इंजीनियरिंग विभाग के कर्मियों के साथ कर्मचारी ट्रेनिंग स्कूल, परिचालन, को लेकर कार्यक्रम हुआ। इस दौरान स्पैड से बचाव, ऑटोमेटिक सिगनलिंग फेलुअर के दौरान दी जाने वाली प्राधिकार, चालक, ट्रेन मैनेजर द्वारा ली जानेवाली सावधानियां को प्रमुखता से बताई गई। शंटिंग के समय बरती जाने वाली सावधानियां,ट्रेनों का सिक्योरिंग, रिलिजिंग, इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा ट्रैक से जुड़ने वाली वर्षाकालीन सावधानियां को भी बताया गया है। कार्यक्षेत्र में निजी संरक्षा , ट्रेन में हॉट एक्सल, ब्रेक बाइंडिंग, दरवाजा खुलना, असमान लोडिंग से बचाव कैरिज, वैगन कर्मचारी, चालक दल, ट्रेन प्रबंधक, स्टेशन कर्मियों द्वारा की जानेवाली जांच और अग्निशामक यंत्र का उपयोग और प्रदर्शन कर सावधानियों की जानकारी बताया गया है। सेमिनार में वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी रायपुर सुरेश चन्द्र, संरक्षा सलाहकारो ने संरक्षा सेमिनार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संरक्षा संगठन रायपुर मंडल के द्वारा प्रत्येक माह में 2 संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन रायपुर मंडल के हर स्टेशनों में किया जाता है। कार्यक्रम में 82 लोगों ने हिस्सा लिया है।

## से-9 अस्पताल में विश्व स्तनपान सप्ताह पर जागरुकता कार्यक्रम शुरू

# स्तनपान शिशु पोषण का सर्वोत्तम स्त्रोत: डॉ. साहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, भिलाई के शिशु रोग एवं नवजात शिशु विभाग द्वारा 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है। यह आयोजन वैश्विक स्तर पर विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्देशित इस वर्ष की थीम स्तनपान को प्राथमिकता दें: टिकाऊ समर्थन प्रणाली बनाएं के अंतर्गत किया जा रहा है।

मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक डॉ. एम. रविंद्रनाथ व विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर, डॉ. सौरभ मुखर्जी और डॉ. उदय कुमार की उपस्थित थे। डॉ. रविंद्रनाथ ने इस अभियान को सामुदायिक भागीदारी से सशक्त करने और इसे दीर्घकालीन रूप से प्रभावशाली बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुबोध कुमार साहा ने स्तनपान को शिशु पोषण का सर्वोत्तम स्त्रोत बताते हुए इसके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक लाभों को रेखांकित किया। नर्सिंग कॉलेज के छात्रों व डीएनबी डॉक्टरों द्वारा तैयार की गई पोस्टर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। डीएनबी डॉक्टरों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक से जागरुक किया गया। माताओं द्वारा अपने स्तनपान अनुभव बांटे। कार्यक्रम का संचालन लता मिश्रा व धन्यवाद ज्ञापन अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मीता सचदेवा ने किया। चिकित्सालय में विश्व स्तनपान सप्ताह के दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिनमें ओपीडी परिसर में पोस्टर प्रदर्शनी और नुक्कड़ नाटक, शिशु वार्ड, नवजात इकाई, बाल रोग ओपीडी और नवजात ओपीडी में जागरूकता सत्र एवं स्तनपान परामर्श शामिल हैं।

नर्सिंग स्टाफ के लिए स्तनपान प्रबंधन और समाधान विषय पर सेमिनार आयोजित है। इस कार्यक्रम के आयोजन में शिशु रोग विभाग की पूरी टीम योगदान दे रही है।शिशु रोग विभाग के सभी डीएनबी रेज़िडेंट डॉ. सुभाष, डॉ. अक्षय, डॉ. राजकुमार, डॉ. मारोती, डॉ. पंकज, डॉ. सचिन, डॉ. अमृता, डॉ. पूजा, डॉ. आनंद, डॉ. उमेश, डॉ. प्रियदर्शिनी, डॉ. शशिकला, डॉ. मेघना, डॉ. मोइन और डॉ. रोमी की भागीदारी रही ।

## कंप्रेस्ड एयर स्टेशन में मॉकड्रिल, सुरक्षा को परखा



**भिलाई।** बीएसपी के कंप्रेस्ड एयर स्टेशन-4 में को वेंटिलेशन ब्लोअर मोटर टर्मिनल में टेस्टिंग के समय इलेक्ट्रिकल फ्लैश पर परिकल्पित आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान आपदा प्रबंधन तैयारी को परखा गया। माकड्रिल में दिखाया गया कि प्रिपरेटरी मॉक ड्रिल गतिविधि के अंतर्गत वेंटिलेशन ब्लोअर मोटर टर्मिनल में टेस्टिंग के समय इलेक्ट्रिकल फ्लैश हुआ, जिससे एक कर्मचारी प्रभावित हो गया। साइट इंचार्ज प्रमोद वंजारी ने शिफ्ट इंचार्ज लाल बाबू वर्मा को सूचित किया गया।

पेज 11 के शेष...

### स्कूल में राखी...

साथ ही साथ वह बाजार की महंगाई से अपनी पैसे भी बचा सकती है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। इस दौरान शाला में संस्था प्रमुख मीनाक्षी शर्मा, संकुल समन्वयक धनीराम बंजारे सहित सरस्वती साहू, देवेंद्र साहू, नुतेश्वर चंद्राकर एवं प्रशांत बघेल उपस्थित थे।

### साल्हेपुर स्कूल में...

शाला के विकास के लिए इस समिति के माध्यम से वार्षिक शाला कार्ययोजना पर कार्य किया जाता है।

बैठक में शाला के शिक्षक डांगेंद्र निषाद, नवनिर्वाचित अध्यक्ष चोवाराम, उपाध्यक्ष दुर्गेश्वरी, शिक्षाविद् उत्तमगुप्ता, पंच प्रकाश गायकवाड़, एवन कुमार, दशमद बाई, ओमकार यदु, दिनेश यादव, व्यसनारायण कुर्रे, दिलीप, कुसुमलता, सुक्रीता, रोहाणी, दुर्गा बाई सहित अन्य सदस्य, बच्चों के पालक एवं ग्रामीण लोग उपस्थित थे। शाला विकास प्रबंधन समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष चोवा राम ने कहा कि शाला के विकास के लिए समिति के सदस्य मिलकर काम करेंगे और शाला को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि शाला के बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा और सुविधाएं प्रदान करना हमारी प्राथमिकता होगी। शासकीय प्राथमिक शाला साल्हेपुर विकासखंड बेरला में शाला विकास प्रबंधन समिति की बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस बैठक में लिए गए निर्णय शाला के विकास और बच्चों के हित में महत्वपूर्ण साबित होंगे। हमें उम्मीद है कि शाला विकास प्रबंधन समिति के सदस्य मिलकर शाला को बेहतर बनाने मेंसा के लिए काम करेंगे।

# सफाई कर्मियों के नियमितीकरण को लेकर हल्ला बोल, न्यूनतम वेतनमान देने गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सफाई कर्मचारी ने अपनी कतिपय मांगों और समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। पहले एकजुट होकर सफाई कर्मचारी गांधी प्रतिमा के पास एकत्रित हुए। इसके बा अपनी आवाज बुलंद करते हुए रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्हें गेट के पहले ही बेरिकेडिंग के जरिए रोका गया। इसके बाद सफाई कर्मीयों ने जमकर नारेबाजी की। मौके पर ही अघोषित सभा की। इसके बाद एसडीएम दुर्ग को प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। एसडीएम को सफाई कर्मीयों ने बताया कि निगम ठेकेदार और कुछ सुपरवाइजरों द्वारा धमकी दी जा रही थी, दुर्ग दिवस मनाने के लिए रोका जा रहा था। किसी भी मजदूर को काम से बैठाया जाएगा, तो बड़ा आंदोलन होगा। मजदूरों ने यह भी बताया कि हर महीने हाजिरी का पैसा हड़प ले रहे हैं। पीएफ, ईएसआई जमा नहीं कर रहे हैं।

## सफाई कर्मचारियों ने गांधी पुतला से निकाली रैली, कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

### ठेकेदार कर रहे कर्मचारियों का शोषण, जिम्मेदार मौन

सफाई कर्मचारी दिवस के अवसर पर शहर भर के सफाई कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों और गंभीर समस्याओं को उजागर किया। कर्मचारियों ने कहा कि वे अब भी बुनियादी अधिकारों और बेहतर कामकाजी परिस्थितियों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सफाई कर्मचारियों ने अपनी प्रमुख मांगें और समस्याएं भी रखीं। उन्होंने कहा कि उनकी हितों को लेकर सुनवाई नहीं हो रही है। ठेकेदार शोषण कर रहे हैं, जिम्मेदार मौन हैं।




### सफाई कामगारों को मिले 21 हजार रुपए मानदेय

कर्मचारियों ने नियमितीकरण की मांग की। ठेका प्रणाली को समाप्त कर सभी संविदा सफाई कर्मचारियों को स्थायी किया जाए। सभी सफाई कर्मचारियों के लिए सम्मानजनक 21000 रुपए न्यूनतम वेतन सुनिश्चित किया जाए। महंगाई भत्ते में वृद्धि की जाए। 4 श्रम कोड कानून वापस लिया जाए। राज्य सफाई कामगार आयोग का गठन किया जाए।काम के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपकरण (मास्क, दस्ताने, जूते आदि) नियमित रूप से उपलब्ध कराए जाएं। स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान की जाए। इस प्रकार अन्य मांगें की गई।

### शिकायतों का नहीं हुआ निराकरण तो उग्र आंदोलन

सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर कहा गया कि शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए। अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा। शासन मांगों पर गंभीरता से विचार करे। उन्हें जल्द से जल्द पूरा करे, ताकि वे भी सम्मानजनक जीवन जी सकें। देश के विकास में अपना योगदान जारी रख सकें। इस दौरान कलादास डहरिया, रमाकांत बंजारे, लक्ष्मण साहू, अरिम शिवारे, पंचराम, महेश्वर, महेश साहू, मनोज कोसरे, मैरी, निरा डहरिया, मोतम भारती, खेमीन साहू, पुष्पा, चन्द्र कला सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### जिले के 80230 कृषकों को 16.75 करोड़ की राशि होगी जारी

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना अंतर्गत जिले में 02 अगस्त 2025 को किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाराणसी उत्तर प्रदेश में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पीएम-किसान निधि की 20वीं किश्त जारी करेंगे। इसके तहत जिले के 80230 कृषकों को 20वीं किश्त की राशि 16.75 करोड़ जारी किया जाना प्रस्तावित है। कार्यक्रम का जिला एवं विकासखण्ड स्तर एवं ग्राम स्तर पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। उप संचालक कृषि से मिली जानकारी अनुसार कृषि विज्ञान केन्द्र अंजोरा में पीएम किसान दिवस जिला स्तरीय कार्यकम में प्रधानमंत्री के उद्बोधन का सीधा प्रसारण वेब कास्ट के माध्यम से किया जाएगा। इसी तारतम्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा में आयोजित पीएम किसान दिवस कार्यक्रम में भी प्रधानमंत्री के उद्बोधन का प्रसारण वेब कास्ट के माध्यम से किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल, कृषि स्थायी समिति सभापति श्रीमती नीलम राजेश चंद्राकर, विजय जैन वरिष्ठ वैज्ञानिक, पुष्पा राजेन्द्रन सहायक संचालक कृषि, वैज्ञानिक, कृषि विभाग के अधिकारी एवं कृषक उपस्थित रहेंगे। ग्राम स्तर पर भी प्रधानमंत्री के उद्बोधन का प्रसारण एवं कृषकों की सक्रिय सहभागिता के लिए सेवा सहकारी समितियों में फार्मर्स मीट का आयोजन तथा आधार सीडेड बैंक खाते के माध्यम से लाभ के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## शिकंजा : बेतरतीब दुकानें लगाने वालों की जांच के लिए पहुंचा निगम अमला

# आकाशगंगा सब्जी मंडी में अवैध कब्जेधारियों पर चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आकाशगंगा थोक सब्जी मंडी सुपेला में अब कब्जा करने और अव्यस्थित दुकानें लगाने वाले व्यवसायियों की खैर नहीं है। इनके खिलाफ नगर निगम भिलाई ने शिकंजा कसने की तैयारी शुरु कर दी है। शुक्रवार को निगम की टीम ने ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी में सब्जी मंडी में दबिश देकर चालानी कार्रवाई की। सड़कों से कई व्यवसायियों के कैरेट आदि भी हटाए गए। एक अवैध आफिस के निकट मुर्गियों के दड़बों से भरी गाड़ी को भी हटाया गया। सब्जी व्यवसायियों द्वारा दो दिन की मोहलत मांगे जाने पर निगम अधिकारियों ने सोमवार तक दुकानें व्यस्थित नहीं करने पर बेदखली कार्रवाई की चेतावनी दी है।

आकाशगंगा सब्जी मंडी समिति द्वारा सब्जी मंडी में कतिपय लोगों द्वारा कब्जा करने व बेतरतीब दुकानें लगाने की शिकायत कमिश्नर से की गई थी। इस पर कमिश्नर के निर्देश पर सुबह 7 बजे निगम के राजस्व अधिकारी प्रसन्न तिवारी और विभागीय कर्मियों के साथ ट्रैफिक डीएसपी व जवानों के साथ सुपेला सब्जी मंडी पहुंची। निगम के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा भी साथ थे। विभागीय टीम ने पूरी मंडी में घूमकर बेतरतीब दुकानें लगाने वालों को अपनी दुकानें व सामान आदि व्यवस्थित करने निर्देशित किया। टीम द्वारा बीच सड़क पर कब्जी की तरह अव्यस्थित दुकानों लगाने पर कुछ लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई भी की। कुछ के सब्जियों के कैरेट भी हटाए गए। राजस्व अधिकारी ने संबंधितों को सड़कों व परिसर में अपनी निर्धारित जगह पर दुकाने लगाने चेताया। इसके लिए मंडी के व्यवसायियों द्वारा दो दिन की मोहलत मांगे जाने पर राजस्व अधिकारी ने चेतावनी दी है कि सोमवार तक दुकानें व्यवस्थित नहीं की गईं व कब्जे में देखी गईं तो बेदखली कार्वाई की जाएगी। कमिश्नर ने इस आशय का आदेश भी दे दिया है। नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने बताया कि मंडी में सुव्यस्थित दुकानें लगाने से सभी को सुविधा होगी। नियम का सभी को पालन करना होगा। बेतरतीब दुकानों व कब्जे से व्यवसायियों व ग्राहकों सभी को परेशानी हो रही है।

### व्यवस्थापन करने व्यावसायियों ने मांगी दो दिन की मोहलत



### मुर्गी गाड़ियों को हटाया

नगर निगम की टीम ने सब्जी मंडी में मुर्गियों के अवैध व्यवसाय करने पर बेदखली कार्रवाई की। यहां एक व्यवसायी द्वारा बकायदा आफिस खोलकर 17 मुर्गियों के दड़बों से भरी गाड़ियों का खड़ा किया हुआ था। व्यवसायियों ने बताया कि मुर्गियों के रा मटेरियल आदि से भारी गंदगी व बदबू से आसपास के व्यवसायी परेशान थे। निगम की टीम ने ट्रैफिक पुलिस के साथ तत्काल मुर्गीयों की गाड़ी को हटाया व चेतावनी दी।

# कलेक्टर ने अपर कलेक्टरों के बीच कार्यों का किया विभाजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिले में पदस्थ अपर कलेक्टरों योगिता देवांगन एवं वीरेन्द्र सिंग के मध्य कार्य विभाजन किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपर कलेक्टर योगिता देवांगन को अनुपयोगी डेड स्टॉक जो 5000 रू. तक की कीमत का हो, को अपलेखन करने का अधिकार, चोरी हुए 2000 रू. तक की सामग्री को अपलेखन करने का अधिकार, 20,000 रू. तक आवर्ती व्यय स्वीकृति का अधिकार सहित अन्य कार्यवाही से संबंधित नस्तियां कलेक्टर को प्रस्तुत की जाएंगी।

अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंग को अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट जिला दुर्ग के न्यायालयीन कार्य, दुर्ग अनुभाग एवं भिलाई-3 अनुभाग, धमधा/पाटन अनुभाग के अंतर्गत छ.ग. भू-राजस्व संहिता से संबंधित अपील पुनरीक्षण एवं पुर्नविलोकन प्रकरण के निराकरण हेतु कलेक्टर की शक्तियों का उपयोग करने प्रत्येक दसवां प्रकरण कलेक्टर न्यायालय को अंतरित, धमधा व पाटन तहसील के अवैध उत्खनन के प्रकरणों का प्रावधान अनुसार निराकरण, सहित अन्य प्रभार सौंपा गया है। अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंग के माध्यम से विभिन्न शाखाओं की नस्तियाँ कलेक्टर श्री सिंह को प्रस्तुत की जाएगी। सांख्यिकी लिपिक(एस डब्ल्यू), सहायक अधीक्षक राजस्व/राज्सव मोहर्रिर शाखा, प्रोटोकाल शाखा, भू-अभिलेख शाखा, डायवर्सन शाखा सहित अन्य कार्य शामिल है। अपर कलेक्टर योगिता देवांगन के लिंक अधिकारी अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंग तथा अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह के लिंक अधिकारी अपर कलेक्टर योगिता देवांगन होंगे।

# सतनामी पारा में 5 लाख से बनेगा मंच और भवन, किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में 5 लाख की लागत से सतनामी पारा मंच और भवन निर्माण का भूमि पूजन किया गया। इस दौरान वार्ड पार्षद भारती राम सूर्यवंशी और प्रदेश सचिव असंगठित ठेका मजदूर कांग्रेस राम सूर्यवंशी मौजूद थे। भूमिपूजन में पार्षद ने कहा कि वार्ड के विकास के लिए कोई दिक्कत नहीं आएगी। मंच व भवन निर्माण की मांग लंबे समय से मांग किया जा रहा था। वार्ड में इसकी आवश्यकता थी इस कारण इसका निर्माण कराया जा रहा है। कार्यक्रम में विकास कुर्रे, धन्नू बंजारे,हेमंत मारकंडे,मोहन मारकंडे समेत वार्ड के लोग मौजूद थे।

## भारतीय ज्ञान परंपरा को आत्मसात कर विद्यार्थी उन्नति की ओर होंगे अग्रसर

**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शहर विधायक गजेंद्र यादव थे। उन्होंने कहा कि संस्कार का विद्यार्थी जीवन में अत्यंत महत्व है। संस्कारित होने पर सफलता हर स्थान पर प्राप्त होती है, जो कि विद्यार्थियों के दशा व दिशा का निर्धारण करता है। भारतीय ज्ञान परंपरा का आत्मसात कर विद्यार्थी उन्नति की ओर अग्रसर हो सकता है। इस समारोह में विशिष्ट अतिथि जन भागीदारी अध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह परिहार ने नव प्रवेशित छात्रों से कहा कि विद्यार्थी स्वयं के प्रति आस्था का श्रध्दा रखकर पूर्ण ईमानदारी से कार्य करें, उन्हें सफलता अवश्य हासिल होगी। दो चरणों में आयोजित इस दीक्षारंभ समारोह में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से जुड़े विभिन्न बिंदुओं जैसे विभिन्न कोर्सेस, जेनेरिक तथा वैल्यू एडेड कोर्स, क्रेडिट प्रणाली, आतंरिक मूल्यांकन परीक्षा, ग्रेड सिस्टम आदि की जानकारी महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी ने दी।

## बौद्ध समाज ने निकाली महारैली...




**दुर्ग।** बौद्ध समाज के लोग पिछले एक महीने से धरना प्रदर्शन पर बैठे हैं। उनकी मुख्य मांगों में बौद्धगया के महाबोधि महाविहार में बीटीएमसी एक्ट 1949 को निरस्त करना और महाबोधि महाविहार को ब्राह्मणों एवं पंडों से मुक्त कर बौद्धों को सौंपना शामिल हैं। एक महीने होने के बाद चौथी बार वे कलेक्टोरेट का घेराव करने पहुंचे। कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। बौद्ध समाज के लोगों ने कहा की अभी हम शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे हैं। अगर मांगें नहीं मानी गईं तो आगे चलकर प्रदर्शन उग्र हो सकता है।

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन की सघन जांच 4 से

**दुर्ग।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन छ.ग शासन द्वारा सही भोजन बेहतर जीवन की परिकल्पना को सार्थक बनाने के लिए बने खाबो बने रहिबो सघन जांच एवं जागरूकता अभियान 4 से 6 अगस्त तक दुर्ग जिला के साथ प्रदेशभर में चलाया जाएगा। बने खाबों बने रहिबो अभियान का उद्देश्य खाद्य प्रदायकर्ताओं को एफएसएसआई के दिशा-निर्देशों से अवगत कराना तथा लोगों में स्वच्छ एवं स्वस्थ खान-पान की आदतें विकसित करना है। साथ ही किचन की स्वच्छता एवं परिसर की साफ-सफाई के संबंध में जागरूक करना है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी से मिली जानकारी अनुसार यह अभियान तीन दिवसीय होगा जिसमें व्यापक तौर पर पूरे राज्य में प्रत्येक जिले एवं प्रत्येक ब्लॉक में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा स्ट्रीट फुड वेंडर्स एवं खाद्य बनाकर परोसने वाले संस्थानों, रेस्टोरेंट का सघन जांच किया जायेगा। साथ ही मौके पर उपभोक्ताओं का सुरक्षित खाद्य के बारे में जानकारी दी जाएगी। निरीक्षण के दौरान खाद्य रंग, अखाद्य रंग, खाद्य पदार्थ परोसने में अखबारी कागज का प्रयोग, खाद्य पदार्थों के पैकेजिंग मटेरियल, उपयोग किये जाने वाले पेयजल और खाद्य पदार्थ के निर्माण किए जाने वाले खाद्य तेल की गुणवत्ता की जांच की जाएगी।

# संत तुलसीदास व मुंशी प्रेमचंद की मनाई जयंती



### प्रेमचंद की कहानियों का किया वाचन

**दुर्ग।** शा. पूर्व माध्यमिक विद्यालय चीचा ब्लॉक धमधा में मुंशी प्रेमचंद और तुलसीदास को याद किया गया। कार्यक्रम में प्रेमचंद के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर विद्यार्थियों द्वारा उनकी कहानियों का वाचन किया। जिसमें कक्षा आठवीं से कु हितेश्वरी वर्मा, भुवन वर्मा, ताम्रज पटेल शामिल हैं। परीक्षा, गुल्ली डण्डा, ईदगाह, नमक का दरोगा जैसे कालजयी रचनाओं का वाचन किया गया। सभी बच्चे कहानी सुनकर स्वयं से प्रश्न निर्माण कर कहानी का उद्देश्य लिखा गया। श्री बघेल ने प्रेमचंद व तुलसीदार की जीवनी, रचनाएं को सविस्तार प्रस्तुत किया। श्री हुमने द्वारा देश की आजादी में प्रेमचंद की रचनाओं का योगदान, श्री सार्वे द्वारा प्रेमचंद की कहानियों में ग्रामीण परिवेश और श्री देशमुख ने तुलसीदास द्वारा रचित हनुमान चालीसा का वाचन कराया गया।



### सरस्वती शिशु मंदिर में सुंदर कांड का आयोजन

**दुर्ग।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे तुलसीदास जयंती श्रद्धा भक्ति के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री साईं सत्संग मंडली की दुर्गा निषाद थीं। मुख्य अतिथि द्वारा माँ सरस्वती व तुलसी दास के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन पर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस असर पर रामायण मण्डली द्वारा सुन्दर कांड का सस्वर पाठ किया गया। कार्यक्रम का संचालन योगिता साहू ने किया। बहन गौरवी शर्मा ने तुलसी दास जी का संक्षिप्त जीवन परिचय दिया। कार्यक्रम में सुन्दर कांड के अतिरिक्त भैया बहनों द्वारा भजन की प्रस्तुति दी गई । अंत में रामायण मण्डली के सम्मानित सदस्यों का विद्यालय की प्राचार्य कृपा शर्मा ने सम्मानित किया। विद्यालय के आचार्य व दीदीयाँ उपस्थित थे।

## जल निकासी व नियमित सफाई सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

# नालों में गंदगी, महापौर ने सफाईकर्मी को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग महापौर अलका बाघमार उरला क्षेत्र के वार्ड 57 (पटरी पार) में औचक निरीक्षण करने पहुंचीं। निरीक्षण के दौरान महापौर ने क्षेत्र की खराब सफाई व्यवस्था पर गहरी नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान महापौर ने क्षेत्र के प्रमुख नालों के ऊपर घास और कचरे की मोटी परत जम चुकी है। नालियों की समय पर सफाई न होने से वर्षा जल की निकासी नहीं हो पा रही है, जिससे सड़कों पर जलभराव की स्थिति बन रही है। इस कारण क्षेत्रवासियों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। वृद्धजन, महिलाएं और स्कूल जाने वाले बच्चे प्रभावित हो रहे हैं। निरीक्षण के दौरान उनके साथ नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल,देवनारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार सहित स्वच्छता विभाग के अधिकारीगण और जोन प्रभारी भी उपस्थित थे।

- **आमजन को हो रही दिक्कतों पर जताई चिंता**

### सफाईकर्मी को दी सख्त चेतावनी

महापौर एवं आयुक्त ने मौके पर मौजूद सफाईकर्मी द्वारा झाड़ू ठीक से न लगाना और कचरे को सीधे नाली में डालना देख, महापौर ने मौके पर ही सख्त फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि नाली में कचरा डालना न केवल सफाई नियमों का उल्लंघन है, सफाई व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



### जनता की समस्याएं प्राथमिकता में हों

महापौर ने कहा कि नगर निगम का पहला कर्तव्य है कि वह नागरिकों को साफ-सुथरा और सुरक्षित वातावरण प्रदान करे। वर्षा ऋतु में जलनिकासी की दुरुस्त व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है। निगम की कार्यप्रणाली में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### अधिकारियों को दिए त्वरित सुधार के निर्देश

महापौर ने आयुक्त और स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे तत्काल नालियों की सफाई सुनिश्चित करें। साथ ही, नियमित निगरानी कर यह सुनिश्चित किया जाए कि सफाईकर्मी अपनी जिम्मेदारियां पूरी निष्ठा से निभाएं। उन्होंने यह भी कहा कि जहां आवश्यक हो, वहां अतिरिक्त सफाईकर्मियों की तैनाती की जाए तथा नालों में जमा कचरे को यथाशीघ्र हटाया जाए।

## कामधेनु विवि में कार्यशाला का समापन

**दुर्ग।** दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, में पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय अंजोरा के पशु औषधि विज्ञान एवं विष विभाग द्वारा वन डे वर्कशॉप कम हैंड्स ऑन ट्रेंनिंग ऑन एक्सपेरिमेंटल टेक्निक्स इन फार्मोकोलॉजी एंड टॉक्सिकोलॉजी का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन एवं समापन अवसर पर मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह, विशिष्ठ अतिथि कुलसचिव डॉ. बीपी राठिया, कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. संजय शाक्य, अतिथि वक्ता डॉ. माधुरी बघेल, प्राचार्य एवं प्राध्यापक, अपोलो कॉलेज ऑफ फार्मेसी, अंजोरा, मात्स्यिकी महाविद्यालय, कवर्धा के अधिष्ठाता डॉ. एमके गेंदले, प्राध्यापक डॉ. केएम कोले, आयोजन सचिव डॉ. श्रद्धा नेटी सहित 45 प्रतिभागियों की मौजूद थे।

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका हेमलता जंघेल पति बिसेश्वर जंघेल जाति लोधी निवासी ग्राम धौराभाठा (परपोडी) तहसील देवकर जिला बेमेतरा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम धौराभाठा प.ह.न. 06 तहसील देवकर जिला बेमेतरा स्थित भूमि ख.न. 229/2 रकबा 0.02 हे. का आवासीय सह व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित करने हेतु बी 1 नक्शा खसरा, अधिकार अभिलेख की प्रति पेश कर भू-राजस्व की धारा 172 के तहत व्यपवर्तित करने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उत्तर-दावा हो तो दिनांक 18.08.2025 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा / आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) साजा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला जिला बेमेतरा छ.ग.

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि आवेदक विजय कुमार अग्रवाल पिता झाबरमल निवासी नगर पंचायत कूंरा द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम कुम्ही प.ह.न. 44 तहसील बेरला जिला बेमेतरा छ.ग. में स्थित खसरा नं 41, 42 रकबा क्रमशः 0.35, 0.06 कुल खसरा नं 02 कुल रकबा 0.41 हे. भूमि जो की आवेदक के भूमिस्वामी हक में दर्ज है जिसे आवेदक व्यवसायिक सह आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति का संस्था उजर/दावा हो तो दिनांक 15/08/2025 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5:00 बजे तक दावा आपत्ति पेश कर सकते है। तथा समय पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### छात्र छात्राओं ने गेड़ी दौड़ व भौंरा प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा



**हरिभूमि पंडरिया।** हमारी संस्कृति, हमारा पहचान है। हमारा अस्तित्व हमारे संस्कृति पर टिका हुआ है, हमको हमारी संस्कृति की आन-बान-शान होनी चाहिए। अपनी संस्कृति के प्रति ऐसी समर्पित भावना हर किसी के मन में होनी चाहिए। सीबीएसई स्कूलों में पारंपरिक संस्कृति पर आधारित गतिविधियां आयोजित की गई। जिसमें एंबीशन पब्लिक स्कूल में पिरीयोडिक टेस्ट परीक्षा के बाद गेड़ी दौड़ और भौंरा चलाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों द्वारा अपने घर से गेड़ी बनाकर लाए थे, गाड़ी चलाते समय उनका संतुलन और गति देखने लायक थी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य आरएन बेहरा, नंदकुमार चंद्राकर, उमेश तिवारी, शशिकांत तिवारी, हलदर सिंह राजपूत, संतोष प्रधान, संस्कार श्रीवास्तव, ऋतुरा, पवन, कुलदीप साहू एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थें।

### गांव व क्षेत्र के सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए बोल बम कांवड़ियों ने किया पदयात्रा



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत जय मां कर्मा बोल बम समिति बहबलिया द्वारा प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी अमरकंटक धाम स्थित मां नर्मदा मैया से पवित्र जल लेकर जलेश्वर महादेव डोंगरिया में जलाभिषेक कर गांव व क्षेत्र की सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई। वहीं जय मां कर्मा बोल बम समिति द्वारा कठिन व दुर्गम पहाड़ियों से पद यात्रा कांवड़ियों ने लमनी, नवरंगपुर, डोंगरिया, रापा में गायत्री मंदिर व सेतगंगा महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया। जिसमें मां कर्मा बोल बम समिति अध्यक्ष परमानंद साहू, कोषाध्यक्ष रामकमल साहू सहित अन्य सदस्य गण उपस्थित थें।

### मां महामाया बोल बम समिति धनेली ने डोंगरिया जलेश्वर महादेव में किया जलाभिषेक



**हरिभूमि कोलेगांव।** मां महामाया बोल बम समिति ग्राम धनेली के लगभग 35 कांवड़ियों ने मां नर्मदा अमरकटंक धाम से कठिन मार्ग से पदयात्रा कर मां महामाया बोल बम समिति अध्यक्ष, सचिव रोहित साहू, लखन साहू, अनुज साहू, संतोष साहू, संजय साहू सहित समस्त मां महामाया बोल बम समिति के सदस्य ने शनिवार को डोंगरिया धाम स्थित जलेश्वर महादेव में विधि विधान से पूजा अर्चना व जलाभिषेक कर क्षेत्र और गांव की सुख, शांति व समृद्धि की कामना की गई। साथ ही साथ डोंगरिया धाम से कवर्धा श्री पंचमुखी बूढ़ा महादेव के लिए रवाना हुए, जिसमें सोमवार को ग्राम धनेली स्थित शिव मंदिर एवं ग्राम के समस्त देवी-देवताओं में जलाभिषेक कर कांवड़ पद यात्रा पूर्ण करेंगे।

### सेवानिवृत्त सैनिक हनुमान चंद्रवंशी का ग्रामवासियों तथा पूर्व सैनिक संगठन ने किया भव्य स्वागत



**हरिभूमि कवर्धा।** 19 गार्ड इन्फेंट्री रेजिमेंट मीरथल पठानकोट (पंजाब) से सेवानिवृत्त होकर हवलदार हनुमान चंद्रवंशी जब अपने गृह ग्राम चंदेनी पहुंचे तो इष्ट मित्रों, परिवारजनो तथा ग्राम सरपंच, पंच सहित समस्त ग्रामवासियों ने भव्य गर्मजोशी से बैंड बाजा, फूल माला, गुलदस्तों के साथ स्वागत किया। जो राष्ट्रीयता, देश प्रेम और सैनिकों के प्रति ग्रामवासियों का जो सम्मान भाव का अनूठा प्रदर्शन था कैसे एक सामान्य परिवार छोटे से गांव में जन्मे रोहित चंद्रवंशी के बड़े सुपुत्र हनुमान चंद्रवंशी अपने प्राथमिक शिक्षा चंदेनी, माध्यमिक शिक्षा उड़िया खुर्द व हॉयर सेकेण्डरी कवर्धा से पूरा कर 2009 में आयु 17 वर्ष के उम्र में भारतीय सेना की गार्ड रेजिमेंट में शामिल होकर देश के विभिन्न स्थान सतवारी कैंट जम्मूकश्मीर, फिरोजपुर, गुरदासपुर, भठिंडा (पंजाब) गंगानगर (राजस्थान) कामठी नागपुर में प्रशिक्षण अधिकारी के रूप में भी 17 वर्ष सेवा देकर सकुशल सेवानिवृत्त हुए है। श्री चंद्रवंशी ने अपने उद्बोधन में बताया कि यह मेरे लिए बहुत भावुक क्षण है। मैं अपने सभी साथियों, वरिष्ठों और परिवार को उनके समर्थन और प्यार के लिए धन्यवाद देना चाहता हूँ, 17 वर्ष सेना में सेवा की है और यह मेरे जीवन का सबसे यादगार अनुभव रहा है। मैं अपने देश की सेवा करने पर गर्व महसूस करता हूं, और मैं हमेशा सेना के मूल्यों को अपने साथ रखूंगा। मैने जो प्रशिक्षण के दौरान अनुशासन, साहस और टीम वर्क के महत्व को समझा हूं वह मेरे मन में देश सेवा का जज्बा कभी कम नहीं होंने देंगे। मैं अपने आगे भविष्य के लिए भी उत्साहित हूं और मैं देश की सेवा करने के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। इस दौरान सरपंच, पंच तथा ग्रामवासी गण उपस्थित थे।

**कार्यक्रम : मानस मंडलियों की भक्तिमय प्रस्तुति**

# गोस्वामी तुलसीदास जन्मोत्सव पर हुआ भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



मां भद्रकाली जिला मानस संघ ने परमहंस श्री दण्डी स्वामी ज्योतिर्मयानंद महाराज के सान्निध्य में गोस्वामी तुलसीदास जी का जन्मोत्सव सपाद लक्षेश्वरधाम, सलधा में भव्यता के साथ मनाया।

इस दौरान जिले के 12 उत्कृष्ट सेवा देने वाले मानस पथिकों को 'मानस पुंज अलंकरण' से अलंकृत किया गया, जिनके निरंतर समर्पण और भक्ति भावपूर्ण सेवा को संघ द्वारा विशेष मान्यता दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ 'तुलसी पूजन' से हुआ जिसमें श्री दण्डी स्वामी महाराज एवं संघ के पदाधिकारियों ने गोस्वामी तुलसीदास जी के श्रीचित्र का विशेष पूजन-अर्चन कर आयोजन का विधिवत शुभारंभ किया। संघ जिलाध्यक्ष देवलाल सिन्हा, उपाध्यक्ष माखन साहू, सचिव छगनलाल साहू, सह-सचिव नरेंद्र जायसवाल, तहसील अध्यक्षगण उत्तम साहू बेरला, बिहारीलाल यादव बेमेतरा, महेश कुमार साहू नवागढ़ , श्रवण साहू साजा, अनिल सिंघानिया, पुरुषोत्तम पटेल, अभ्भन सेन कार्यक्रम प्रभारी उत्तम साहू, राजेश वैष्णव, महेंद्र चौहान डॉ. ओंकार चंद्राकर, विष्णु साहू, लखन वर्मा, कल्याणी सेन भीखम देवांगन घनश्याम सिंह ठाकुर ओम यदु, सुश्री बेबी साहू डा ओंकार चंद्राकर अलख पाटिल सविता साहू, लता निषाद चेतन साहू, डॉ.ललित साहू, ईश्वर चंद्राकर गुहाराम साहू डा शंभू लाल साहू सनत साहू, खेलन सिंह राजपूत, राजेंद्र मानिकपुरी, बिहारी लाल यदु , अर्जुन साहू, डा ईश्वर सिन्हा, मनोज साहू चेतन साहू, धनेश वर्मा, राजेश सिंहा, ईश्वर शरण साहू , अनूप साहू , धनेश साहू , चुरावन साहू शिव साहू,माधो राम साहू,संतोष साहू,लोकेंद्र सेन,उमाशंकर साहू खम्भन गंधर्व सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे।

तेखन सिंह वर्मा लोलेसरा, बेमेतरा, टीकाराम साहू पिपरभट्ठा, बेमेतरा, दिलीप टिकरिहा बेमेतरा , राजकुमार ताम्रकार बेरला, मोहन दास वैष्णव खर्रा बेरला , गनपत सिंह ठाकुर अंधियारखोर नवागढ़ , बंशी सिंह ठाकुर ढनढनी नवागढ़ , चन्द्रभान ध्रुव गोपालभैना नवागढ़ , रामकुमार यदु बेरा साजा, राजेन्द्र सिंह राजपुत बरगा साजा ,अनिल सिंघानिया थानखम्हरिया साजा , हरिश्चंद्र वर्मा भिम्भौरी बेरला, साथ ही दण्डी स्वामी श्री मज्ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज जी के द्वारा माँ भद्रकाली जिला मानस संघ बेमेतरा के तहसील एवं जिला के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया।

तुलसी पूजन उपरांत विभिन्न मानस मंडलियों–स्थानीय सलधा मंडली, फूलवारी मानस मंडली तिलईपार , माँ शारदा मानस मंडली शंकर नगर नवागढ़, मां दुर्गा मानस मंडली कोसपातर ने भावविभोर कर देने वाली सुंदर कांड व श्रीराम कथा की प्रस्तुति दी, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया।



## भगवान शिव व श्री हनुमान का मंदिर जीर्णोद्धार हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंडरिया

नगर का प्राचीन जोरा मंदिर में भगवान शिव व श्री हनुमान का मंदिर अत्यंत जर्जर हो चुका था, जिसका जीर्णोद्धार कार्य फरवरी 2024 प्रारंभ किया गया था, जो वर्तमान में बनकर तैयार हो गया है। जिसका पूजा-अर्चना व स्थापना कार्यक्रम शनिवार 2 से 4 अगस्त को सम्पन्न होगा। जिसमें शनिवार को वेदी निर्माण, वेदी पूजन, शिवजी एवं हनुमान का अभिषेक, परिधि पूजन, गुम्बज पूजन, वास्तु पूजन, देव स्थापना, आवाहन, रामायण अखण्ड पाठ किया गया। वहीं द्वितीय दिवस 3 अगस्त रविवार को वेदी पूजन, मण्डप पूजन, कलश यात्रा, अन्नाधिवास, फलाधिवास, हरिकीर्तन सह मेहंदी सांझी तथा तृतीय दिवस 4 अगस्त सोमवार को वेदी पूजन, देव स्थापना, नेत्र मिलन आदि, अभिषेक, पूजन, श्रृंगार, चोला आदि शिखर कलश स्थापना, हवन, विशेष आरती, महाप्रसाद, ब्राह्मणभोज, विशाल भण्डारा प्रसादी वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। जीर्णोद्धार समिति द्वारा नगरवासी सहित अन्य श्रद्धालुओं के सहयोग से मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य संपादित हो रहा है। जीर्णोधार में पंडरिया के पूर्व राजा स्व कृष्ण राज सिंह के सुपुत्र स्व सुनील राज के भाई अमरराज की सहमति से पंडरिया नगर के धर्म प्रेमी नागरिकों की समिति बनाकर जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण किया गया, समिति में प्रमुख रूप से धर्मजीत सिंह विधायक तखतपुर के विशेष प्रयास से नगर के धर्म प्रेमियो द्वारा समिति बनाकर मंदिर का जीर्णोद्धार पूर्ण कराया गया, जिसमे नगर के जनमानस के साथ सभी ने स्वस्फूर्त सहयोग बढ़-चढ़कर किया।

## राधा कृष्ण मंदिर में तुलसी जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखमरिया



राधा कृष्ण जमात मंदिर में प्रतिवर्षानुसार संत शिरोमणि तुलसीदास जी की जयंती समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राम हर्षण कुंज साजा, राम मंदिर महंत वैष्णव दास, पं. मृत्युंजय मिश्रा, महंत वसंत बिहारी दास, अशोक अग्रवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, अनिल सिंघानिया के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। महंत वैष्णवदास का पुष्प हार से स्वागत किया गया। महंत वैष्णवदास के द्वारा संत तुलसीदास जी की महिमा वह चरित्र का विस्तार से वर्णन किया गया। आपके द्वारा श्रोताओं को संबोधित करते हुए बताया, गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस नामक काव्य की रचना की। जो संस्कृत रामायण का हिंदी रूपांतरण है। वे भगवान राम के अत्यंत भक्ति भावि भक्त थे। तुलसीदास जी संस्कृत ग्रंथों को हिंदी में रूपांतरित कर, धार्मिक और भक्ति साहित्य को सरल और लोकप्रिय बनाया। तुलसीदास जी रामायण के आधार पर ही, अवधी भाषा में रामचरितमानस लिखे, आगे आपके द्वारा बताया गया, तुलसीदास ने रामचरितमानस के अलावा कवितावली, दोहावली, दुर्गा सप्तशती, हनुमान चालीसा, गीतावली, विनय पत्रिका, ज्ञान की मंगल जैसे कुल 13 ग्रंथो की रचना की। जो कि लोगों को भक्ति भाव से विभोर कर देती है। आगे आपके द्वारा मानव को मर्यादित जीवन जीने, तथा समाज कल्याण की प्रेरणा देने वाले महान ग्रंथ श्री रामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती पर उन्होंने कोटि-कोटि बधाई दी। आगे आपके द्वारा तुलसीदास जी के गुरु नरसिंह दास थे। वे एक प्रसिद्ध संत थे। और तुलसीदास जी ने उनसे ही राम कथा सुनी। और रामचरितमानस लिखने की प्रेरणा मिली। इस अवसर पर पं. ओमप्रकाश जोशी, शिवेंद्र बिंदल, हरि अग्रवाल, दीपक बंसल, देवानंद त्रिपाठी, राकेश जोशी, मुकेश सिंघानिया, गोविंद शर्मा, लखन साहू प्राचार्य, राजेश अग्रवाल, नंद कुमार वैष्णव, सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### भारतीय सेना के सेवानिवृत्त जवान भारत माता चौक बोल बम समिति स्कूल में सैनिक के भव्य स्वागत



**हरिभूमि कोलेगांव।** पंडरिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रापा में भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होने पर तारकेश्वर चंद्राकर का शनिवार को गांव पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा गाजे-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया। बब्बे डेरा, भारत माता चौक कुण्डा व गैस एजेंसी एवं मां महामाया, मां गायत्री मंदिर, नवापारा हनुमान मंदिर, शिव मंदिर व जगन्नाथ पब्लिक स्कूल व घर तक राजस्थान आर्मी के सेवानिवृत्त जवान की अगुवाई युवक-युवतियों, बड़े-बुजुर्गों के द्वारा की गई। सेवानिवृत्त जवान तारकेश्वर चंद्राकर ने कहा कि हमारा गांव छोटा जरूर है, परंतु गांव वालों का दिल काफी बड़ा है। सभी ने सेवानिवृत्त को एक उत्सव के रूप में मनाया है। उन्होने कहा कि देश सेवा के लिए वर्ष 2003, कासमी राजस्थान, 2025 में लासम, दफेदार के रूप सेवानिवृत्त हुए में गया था। 22 वर्ष की सेवा के बाद इतना स्वागत मिला। आज का यह दिन मेरे लिए काफी यादगार रहेगा।

## जैतपुरी में संत तुलसीदास की 528वीं जयंती मनाई गई



**नांदघाट।** छत्तीसगढ़ प्रदेश मानस प्रेमी परिवार संगठन ब्लॉक इकाई नवागढ़ एवं ग्राम जैतपुरी-संबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी का 528वां प्राकट्य उत्सव बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और मंगलाचरण के साथ हुई। तत्पश्चात तुलसी मानस परिवार जैतपुरी द्वारा मानस गान की मधुर प्रस्तुति दी गई। आयोजन में ब्लॉक की विभिन्न मानस मंडलियों ने भाग लिया। सबसे पहले धनौरा की तुलसी के बानी मानस मंडली ने अपनी प्रस्तुति दी, इसके बाद मया के संदेश मानस परिवार बेवरा और अंत में ज्योति मानस परिवार खाम्ही की प्रस्तुति ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान रंगमंच निर्माण के लिए भूमि पूजन भी किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि परस वर्मा, मारो मंडल अध्यक्ष राकेश कुमार राजपूत, जनपद सदस्य श्रीमती तारकेश्वरी छेदी लाल, सरपंच देवेन्द्र वर्मा सहित संगठन के सभी पदाधिकारी और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## शिव की रौद्र लीलाओं से गूंजा कथा पंडाल



**नवागढ़।** श्रीराम कृष्ण मंदिर प्रांगण में चल रही नौ दिवसीय शिव महापुराण कथा के छठवें दिन शनिवार को ताड़कासुर वध और जालंधर वध की गाथा सुनाई गई। संत गणेश्वर शास्त्री राधाकृष्ण मंदिर, बेमेतरा ने इन दोनों प्रसंगों के माध्यम से भगवान शिव की धर्म रक्षा हेतु प्रकट रौद्र लीलाओं का जीवंत वर्णन किया।कथा की शुरुआत में ताड़कासुर वध का प्रसंग से हुई। शास्त्रीजी ने बताया कि ताड़कासुर को ब्रह्मा से वरदान प्राप्त था कि उसका वध केवल शिव पुत्र ही कर सकता है। इसके लिए शिव को तपस्या से पार्वती के प्रति आकर्षित करना पड़ा, जिससे कार्तिकेय का जन्म हुआ। बालरूप कार्तिकेय ने युद्ध में ताड़कासुर का वध कर देवताओं को राहत दी। इसके बाद जालंधर वध की गाथा सुनाई गई, जिसमें असुर जालंधर अपनी शक्तियों के घमंड में देवताओं को चुनौती देता है और धर्म व्यवस्था को भंग करता है। अंततः भगवान शिव स्वयं युद्ध कर उसका वध करते हैं। कथा में बताया गया कि जालंधर का अंत अहंकार के पतन और सच्चे धर्म की स्थापना का संदेश देता है। कथा के दौरान श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही। हर हर महादेव के जयघोष, शंखध्वनि और भजन की स्वर लहरियों से कथा स्थल गूंजता रहा। अनेक श्रद्धालु कथा के गूढ़ संदेशों को सुनकर भावुक हो गए। संत गणेश्वर शास्त्री ने कहा कि शिव की ये लीलाएं केवल पौराणिक घटनाएं नहीं, बल्कि आज के जीवन में भी अधर्म, अहंकार और अज्ञान के खिलाफ सत्य, संयम और तप के महत्व को दर्शाती हैं।

## अनुसूचित जनजाति उम्मीदवारों को ऊंचाई छूट प्रदान करे सरकार: योगेश्वर

**कवर्धा।** मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के युवाओं को नगर सेना अग्निशमा, युवा आपातकालीन सेवाएं एवं राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) में भर्ती प्रक्रिया के दौरान ऊंचाई संबंधी छूट प्रदान करने की आवश्यकता पर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। कि छत्तीसगढ़ जनरल ड्यूटी स्पेशल पुलिस (सीजीडीएसपी) एवं छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल (सीजीएसआई) में एसटी उम्मीदवारों को ऊंचाई में छूट का प्रावधान पहले से ही है। किंतु इसी राज्य की नगर सेना अग्निशमा, युवा आपातकालीन सेवाएं एवं एसडीआरएफ जैसी समान महत्वपूर्ण सेवाओं में यह सुविधा उपलब्ध नहीं है, जो कि एसटी समुदाय के युवाओं के साथ भेदभावपूर्ण स्थिति उत्पन्न करती है। जिस पर योगेश्वर चंद्राकर ने नगर सेना अग्निशमा भर्ती नियमावली में एसटी उम्मीदवारों के लिए ऊंचाई में छूट का प्रावधान किया जाए, युवा आपातकालीन सेवाओं में भी एसटी उम्मीदवारों को यह सुविधा प्रदान की जाए ।

**सरहद के सैनिक भाइयों की कलाई पर सजेगी कन्या शाला की छात्राओं की राखियां**

# एक राखी सैनिक भाई के नाम के तहत छात्राओं ने जवानों के लिए भेजी 1100 राखियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंडरिया

नगर के कन्या हाई सेकेण्डरी स्कूल के छात्राओं ने एक राखी सैनिक भाई के नाम अभियान के तहत रक्षाबंधन पर्व पर देश के सैनिकों को समर्पित करते हुए एक प्रेरणादाई पहल की है। विद्यालय की कक्षा 6 वीं से 12वीं तक की छात्राओं ने देश सेवा के लिए सरहद पर तैनात फौजियों के लिए लगभग 1100 राखियां एकत्रित की है, जिन्हें डाक के माध्यम से केंद्र मुख्यालय भेजा गया है। इनमें से कई राखियों को छात्राओं ने अपने हाथों से बनाया है। छात्राओं ने सैनिक भाइयों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए उनके दीर्घायु व जीवन सुरक्षा एवं उत्तम स्वास्थ्य की मंगल कामना की। भाई और बहन के पावन पर्व पर अपने घर से दूर पराक्रमी व शौर्यवान फौजियों के प्रति प्यार सम्मान और आभार व्यक्त किया है। सांस्कृतिक प्रभारी श्रीमती शैल बिसेन ने बताया कि देश के सैनिक हर विषम परिस्थितियों में अडिग रहकर देश की रक्षा करते हैं, इन सैनिकों का हौसला बढ़ाने व उन्हें रक्षाबंधन की खुशी का एहसास करने के लिए स्कूल की छात्राओं ने यह निर्णय लिया है कि हमारे सैनिकों की कलाई रक्षाबंधन के अवसर पर सुनी ना रहे। जिस पर संस्था की प्राचार्य श्रीमती एनके एक्का ने छात्राओं द्वारा सैनिकों को राखी भेजने के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि सरहद पर पहरा देने वाली हमारे सैनिक देश की सच्चे सपूत है और उनकी वजह से हम अपने देश के भीतर सुरक्षित है। छात्राओं ने उन्हें राखी भेजकर बहुत ही प्रशंसनीय कार्य किया है। राखियों से भरा लिफाफा सौंपने के अवसर पर संस्था की शिक्षिकाएं शैल बिसेन, एकता सिंह, भारती ठाकुर, विद्या कश्यप, मंजू भगत सहित शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

